Lotus Valley
INTERNATIONAL SCHOOL
GREATER NOIDA WEST
Learning to Be

कविता गायन प्रतियोगिता

कक्षा – V

दिनांक : 04.08.23
LVISNE/2023/PC/500

**"कवि हैं, कविताएँ हैं, भावों का सार है।
आओ मिलजुल कर हौंसला बढ़ाएँ, यह बाल कवियों का संसार है ।**

प्रिय अभिभावक,

लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा एक्सटेंशन, कक्षा पाँच के विद्यार्थियों का देश के प्रति प्रेम बढ़ाने व अपने विद्यालय के बाल कवियों को प्रोत्साहित करने हेतु कविता गायन प्रतियोगिता (आज़ादी की गूँज) का आयोजन कर रहा है। इसके आयोजन का सु-अवसर प्राथमिक हिंदी विभाग को प्राप्त हुआ है। यह प्रतियोगिता अंतर्विभागीय (INTRA CLASS) होगी। इसके लिए विद्यार्थियों के ऑडीशन (चयन प्रक्रिया) मंगलवार दिनांक 8 अगस्त को लिए जाएँगे।

- प्रतियोगिता : **आज़ादी की गूँज**
- प्रतियोगिता दिन व तिथि – **शुक्रवार, 11/08/2023**
- कविता का विषय : **आज़ादी (वीर रस तथा करुण रस)**

प्रतियोगिता से जुड़े कुछ मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान दें –

- समय : **1 मिनट**
- विद्यार्थी कविता से संबंधित किसी भी **सहायक वस्तु** (PROP) या वेशभूषा की सहायता ले सकते हैं।
- मूल्यांकन बिंदु - **1) बोलने की क्षमता 2) लयबद्धत्ता 3) उच्चारण 4) आत्मविश्वास**
- अपने भावों का **कलात्मक रूप** से प्रस्तुतीकरण कर सकते हैं।
- प्रत्येक कक्षा से सर्वोत्तम विद्यार्थी का चयन कर, प्रमाण पत्र से सम्मानित भी किया जाएगा।

धन्यवाद

श्रीमती इन्दु यादव
(प्रधानाचार्या)

श्रीमती दर्शना मेनोन
(समन्वयिका)